बारिश ने नगर परिषद की पोल खोली

चूरू, (कासं)। जिला मुख्यालय पर इस बार लगातार हो रही बारिश ने नगर परिषद के इंतजामों की पोल खोल कर रख दी है। वर्षा ने यह पूर्ण रूप से साबित कर दिया है कि चूरू नगर परिषद बाढ की स्थिति तो दूर साधारण वर्षा का मुकाबला करने में भी असक्षम है।

इस वर्ष हर वर्ष की भांति जहां वर्षा अधिक मात्रा में हुई है, वहीं दूसरी ओर वर्षा से पूर्व नालों की सफाई , जलभराव के ईलाकों को चिन्हित कर उनकी रोकथाम का काम उतना ही कम हुआ है।

सूत्रों ने बताया कि इस बार विधानसभा चुनाव होने के कारण नगर परिषद शहर के समस्त नालों की सफाई भी नहीं करवा पाई हैं। शहर में बुधवार सुबह ही वर्षा से जहां शहर में अनेक जगह कीचड़ की स्थिति बन गई वहीं दूसरी ओर बागला स्कूल के पास पानी के जलभराव से व्यापारी व स्कूल में आने वाले बच्चों की स्थिति लंबे समय से बदहाल हैं लेकिन नगर परिषद कुछ करने में असक्षम ही नजर आ रही है।

शहर में जलभराव होने के कारण कुछ स्थान ऐसें भी हैं। जहां पर कई दिनों तक वर्षा के पानी की निकासी नहीं होती है। जिसके कारण व्यापारियों को कई दिनों तक अपनी दुकानें बंद रखनी पड़ती हैं।

न्यायालय भवन के सामने से अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन का चला पीला पंजा

कच्चे-पक्के बनाए गए मकानों को हटाकर सरकारी भूमि को करवाया मुक्त

सादुलपुर, (निसं)। न्यायालय भवन राजगढ़ के सामने सरकारी भूमि से बुधवार को दिन भर अतिक्रमण हटाकर सरकारी भूमि को मुक्त करवाने की कार्रवाई की गई। झुग्गी बस्ती के लोगों और उनके सामान को नगर पालिका प्रशासन राजगढ़ के ट्रैक्टरों में डालकर पहुंचाने की भी कार्रवाई की गई। लेकिन सामान इतना ज्यादा हो गया कि साधन कम पड़ गए।

प्रशासन की ओर से चिन्हित कुल 52 परिवारों के अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई है। वहीं दोपहर 11 बजे लगभग अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई थी। जो शाम 6 बजे तक की जा रही थी। दोपहर साढे बारह बजे चेतावनी के बाद जेसीबी मशीन का पीला पंजा चलना शुरू हो गया तथा देखते ही देखते न्यायालय भवन राजगढ की भूमि पर बनाए गए कच्चे पक्के मकानों को हटाना शुरू कर किया गया।

जिला कलेक्टर की आदेशों की पालना में अतिक्रमण को हटाने के लिए लगभग दो सौ से अधिक पुलिस के जवान तथा अतिकर्मियों की संख्या से अधिक महिला कांस्टेबल को तैनात किया गया था। झुग्गी बस्ती के लोगों का घरेलू सामान इतना ज्यादा था। साधन कम पड गए।

जिसके कारण प्रशासन ने अन्य लोगों की सहायता से ट्रैक्टर और पिकअप जीप तथा दो बडे ट्रकों की व्यवस्था की। इसके बाद झुग्गी बस्ती के लोगों के सामान को उपलब्ध करवाई गई जगह पर पहुंचाया गया।

अतिक्रमण हटाने के दौरान झुग्गी-झोपड़ी बनाकर रह रहे लोगों की भीड़ जमा हो गई।

- पुलिस प्रशासन सहित एडीएम, एसडीएम, तहसीलदार, एएसपी व सीआई रहे मौके पर
- पुनर्वास के लिए प्रशासन ने भामाशाह से जमीन उपलब्ध कर्रवाई

लेकिन शाम 6 बजे तक बस्ती के लोगों का सामना ले जाया जा रहा था। इसके अलावा तीन जेसीबी मशीन सहित नगर पालिका राजगढ के सैंकड़ों सफाई कार्मिकों ने अतिक्रमण को हटाया। देर शाम को न्यायालय भवन राजगढ की उत्तरी दिशा की दीवार के पास खडे झाड झांझड को भी हटाकर भूमि का समतलीकरण कर सफाई की। लगभग सात घण्टे तक चली कार्रवाई शाम 6 बजे तक भी पूरी नहीं हो सकी।

सार-समाचार

शहीद स्मारक का कायाकल्प होगा

चूरू, (कासं)। जिला मुख्यालय स्थित शहीद स्मारक के कायाकल्प को लेकर अब रतननगर के भामाशाह बसंत हीरावत आगे आये हैं। शहीद स्मारक के जीण-शीर्ण हालात को देखकर रतननगर के भंवरलाल -संपति देवी हीरावत के पुत्र भामाशाह बसंत हीरावत ने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल दलीप सिंह राठौड़ की प्रेरणा से इसके कायाकल्प का बीड़ा उठाया है। शहीद स्मारक के जीर्णोद्धार के लिये बुधवार को जिला कलेक्टर पुष्पा सत्यानी के मुख्य आतिथ्य में भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर पंड़ितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना करवायी। भामाशाह बसंत हीरावत ने सपत्निक भूमि पूजन किया। शिलान्यास समारोह में उपखण्ड अधिकारी विजेन्द्र सिंह, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल दलीप सिंह राठौड़, कर्नल भीमसिंह शेखावत, ईसीएचएस प्रभारी कर्नल विक्रम सिंह शेखावत, पूर्व जिला सैनिक कल्याण अधिकारी मेजर रामकुमार कस्वां, कप्तान कल्याण सिंहए प्रो. केसी सोनी, नगररिषद आयुक्त अभिलाषा सिंह, जुगलसिंह भाटी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित थे।

दिव्य क्लब ने शिक्षक दिवस मनाया

चूरू, (कासं)। दिव्य क्लब ने शिक्षक दिवस मनाया। दिव्य क्लब प्रवक्ता रूपम माथुर ने बताया कि शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में संध्या जैन की अध्यक्षता में सरस्वती बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सरिता शर्मा का सम्मान किया। रमा नौवाल ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी, मंजू सोनी ने सम्मानित शिक्षिका का परिचय, मीना सोनी ने प्रथम शिक्षिका मां पर विचार व्यक्त किए। रूपम माथुर ने क्लब की गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। सम्मानित शिक्षिका सरिता शर्मा ने क्लब का आभार व्यक्त कर धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन विजय लक्ष्मी पारीक ने किया। मंजू सोनी के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष निर्मला मंडावेवाला, कमला सुराणा, विमलेश भालेरीवाला, मुन्नी देवी डागा, अर्चना मिश्रा, चंदा धानुका, शशि चंदेल, उजास सोनी, ललिता कीला, रेखा सोनी, पूजा सोनी, मधु खेमका, सरिता शर्मा, निशा लोहिया आदि ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

जयश्री दाधीच जिला अध्यक्ष बनीं

सुजानगढ़ , (नि.स.)। विप्र फाउण्डेशन के प्रदेश संगठन महामंत्री दीपक हर्ष ने नगरपरिषद में नेता प्रतिपक्ष एड. जयश्री दाधीच को फाउण्डेशन के महिला प्रकोष्ठ की चूरू जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। कमल दाधीच ने बताया कि फाउण्डेशन के जोन 1 बी की प्रदेशाध्यक्ष सीमा मिश्रा की अनुशंषा पर जोन 1 के प्रदेश संगठन महामंत्री दीपक हर्ष ने जयश्री दाधीच को फाउण्डेशन के महिला प्रकोष्ठ की चूरू जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है।

पुलिया को टू-लेन बनाने का सुझाव

सुजानगढ़, (निसं)। छापर रोड रेलवे फाटक पर बनने वाली पुलिया को लेकर वरिष्ठ नागरिक सुभाष वेदी की अध्यक्षता में व्यापारियों एवं मकान मालिकों की खत्री होटल में बैठक हुई। पुलिस निर्माण शुरू करने से पहले सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा सड़क के दोनों ओर जमीन पर अतिक्रमण बताते हुए 28 अगस्त को दुकानदारों एवं मकान मालिकों को नोटिस दिये गये थे।

नोटिस मिलने के बाद व्यापारियों एवं मकान मालिकों में हड़कम्प मच गया। बैठक में उपस्थित व्यापारियों एवं मकान मालिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम लोग पुलिया के खिलाफ नहीं है। लेकिन हमें यह तो बताया जावे कि हमारा धणी धोरी कौन है। एक ओर नगरपरिषद ने पट्टे जारी किये हैं, वहीं दूसरी ओर सार्वजनिक निर्माण विभाग अतिक्रमी बता कर नोटिस दे रहा है। पीडब्ल्यूडी के नोटिसों से यहां के व्यापारियों और मकान मालिकों की प्रतिष्ठा धूमिल हुई है। वेदी ने कहा कि प्रशासन यह बताये कि हमारी पट्टा शुदा जमीनों का मुआवजा नगरपरिषद देगी या सार्वजनिक निर्माण विभाग देगा। इस दौरान वेदी ने कहा कि छापर रोड पर परिवहन भार को कम करने के उद्देश्य से केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मेगा हाईवे का निर्माण किया गया है तथा बोबासर पुलिया से बाईपास रोड की स्वीकृति जारी हो चुकी है। वेदी ने उपस्थितजनों की सहमति से सरकार व प्रशासन को छापर रोड रेलवे फाटक पर बनने वाले पुलिया को फोर लेन के स्थान टू लेन बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इस रोड पर अधिकतर लोग पट्टा धारक हैं, जिनकी दुकानें एवं मकान टूटने से नुकसान होगा तथा जनता में सरकार के प्रति रोष उत्पन्न होगा।

- छापर रोड पर रेलवे फाटक पर बनने वाली पुलिया को लेकर व्यापारियों एवं मकान मालिकों की बैठक

निःशुल्क भंडारे का शुभारम्भ

चूरू, (कासं)। इंदिरा कॉलोनी स्थित बाबा रामदेव ज्योति मंदिर में बाबा रामदेव सेवा समिति चूरू की ओर से प्रतिवर्ष लगाए जाने वाले 22 वें निःशुल्क भंडारे का शुभारम्भ बुधवार को समिति अध्यक्ष मांगीलाल पुजारी ने बाबा की ज्योत प्रज्ज्वलित कर किया।

इस दौरान पुजारी ने पचरंगी ध्वजा दिखाकर दल को रवाना किया। गौरतलब है कि समिति की ओर से प्रतिवर्ष गांव बाप में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 11 पर निःशुल्क भंडारा लगाया जाता है। जिसमें रामदेव पैदल यात्रियों के लिए भोजन, चाय, नाश्ता, ठंडा पानी, मेडिकल सेवा, मोबाइल चार्जिंग, नहाने-धोने व विश्राम की निःशुल्क व्यवस्था की जाती है। इस अवसर पर मंत्री ताराचंद पेंसिंया, कोषाध्यक्ष बिरदीचंद रसगनिया का सेवादारों ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान मेघराज भार्गव, किशनलाल गहनोलिया, अनिल प्रकाश कानखेडिया, महावीर प्रसाद सुणिया, अशोक कुमार रसकरण, प्रताप सिंह तंवर, दीपचंद इंदलिया सहित अनेक सदस्य व सेवादार उपस्थित थे।

सभी विद्यालयों में दी जाएगी सी.पी.आर. ट्रेंनिंग

सीकर, (निसं)। सीकर के जिला कलेक्टर कमर उल जमाल चौधरी के नवाचार के तहत सीकर जिले के सभी निजी एवं सरकारी विद्यालयों के अध्यापकों एवं विद्यार्थियों को कार्डियक अरेस्ट की स्थिति से बचने के लिए सीपीआर ट्रेंनिंग दी जाएगी। जिला कलेक्टर चौधरी ने बताया कि नवाचार के तहत प्रत्येक ब्लॉक के 10 विज्ञान स्ट्रीम के अध्यापकों को जिला स्तर पर ट्रेनिंग दी जाएगी जो आगे ब्लॉक स्तर के सभी विद्यालयों में जाकर सीपीआर की ट्रेंनिंग देंगे।

नवाचार के तहत बुधवार को राधा कृष्ण मारू राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सीपीआर ट्रेंनिंग की जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान प्रत्येक ब्लॉक्स के साइंस स्ट्रीम के 10 अध्यापकों को सीपीआर की कड़ी ट्रेनिंग दी गई जो आगे ब्लॉक स्तर पर दूसरे लोगों को ट्रेनिंग देंगे ताकि अभियान को जिले में सफलतापूर्वक लागू किया जा सके। कार्यशाला के दौरान जिला कलेक्टर चौधरी ने कहा कि कार्डियक अरेस्ट आने की स्थिति में सीपीआर ट्रेनिंग देकर व्यक्ति को नया जीवनदान दिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिले की सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में सीपीआर ट्रेंनिंग की कार्यशालाएं आयोजित की जाकर नवाचार को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारा जाएगा। इस दौरान डॉ. वीके जैन, जिला साक्षरता अधिकारी राकेश कुमार लाटा, सहायक निदेशक राकेश कुमार, विद्यालय प्रिंसिपल दिनेश शर्मा उपस्थित रहे।

कलेक्टर कमर उल जमाल चौधरी की अध्यक्षता में सीपीआर ट्रेंनिंग की जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई।

युवक ने फांसी लगाई

सादुलपुर, (निसं)। गांव हरपालु कुबडी में बुधवार को मानसिक रूप से बीमार एक युवक ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। हमीरवास थाना अधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने बताया कि जसराम जाति जोगी निवासी हरपालू कूबडी ने मामला दर्ज करवाया कि उसका चचेरा भाई राजवीर पुत्र रामकुमार निवासी हरपालू कूबडी मानसिक रूप से बीमार चल रहा था। जिसने कमरे के पंखे के हूक के चून्नी से फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली।

प्ररूप-10, (नियम 6 (7) देखिए)
कार्यालय नगरपालिका दांता जिला सीकर राज.
क्रमांक- 929 **लोक सूचना** दिनांक: 03/09/2024
श्री करण वाटिका जरिये श्री गीता देवी पत्नी श्री जगदीश प्रसाद जाति माली निवासी गोल्यावास, मानसरोवर तह. सांगानेर जयपुर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन आवासीय के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है:-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र
तहसील दांतारामगढ़ जिला सीकर	दांता	3227/ 2942, 92/ 2587, 93/2588, 91, 92, 93	रकबा 1.5300, 1.0000, 0.2800, 0.1400, 3.2000, 0.0300 हैक्टयर

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 03.09.2024 को जारी की गयी।
प्राधिकृत अधिकारी व अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका दांता

राज्य सूचना आयोग ने नगरपरिषद आयुक्त को तलब किया

सुजानगढ़, (निसं)। सूचना के अधिकार के तहत आवेदक द्वारा मांगी गई सूचना देना सम्बधिंत अधिकारी का नैतिक दायित्व है, लेकिन नगरपरिषद आयुक्त द्वारा आवेदकों को सूचनायें नहीं दी जाती हैं और मजबूरन उन्हें राजस्थान राज्य सूचना आयोग का रूख करना पड़ता है। ऐसे ही एक मामले में राजस्थान राज्य सूचना आयोग ने नगरपरिषद आयुक्त को आगामी 25 सितम्बर को स्वयं या अपने प्रतिनिधि के जरिये उपस्थित होने के निर्देश दिये हैं।

एड.तिलोकचंद मेघवाल द्वारा नगरपरिषद से सूचना के अधिकार के तहत जानकारियां मांगी गई थी, लेकिन मियाद पूरी होने के बाद भी जानकारी नहीं दी गई। इसी प्रकार द्वितीय अपील पर भी आयुक्त द्वारा कोई टिप्पणी नहीं की गई और सूचना भी नहीं दी गई, जो सूचना का अधिकार अधिनियम के विपरीत है। इसलिए सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आयुक्त नगरपरिषद को नोटिस देकर जयपुर तलब करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है।

- सूचना के अधिकार के तहत आवेदक द्वारा मांगी गई जानकारी निर्धारित समयावधि में नहीं दी

एड.तिलोकचंद मेघवाल ने बताया कि नगरपरिषद आयुक्त से घर-घर कचरा संग्रहण के लिए लगाए गए ऑटो टीपर्स से जुडी हुई सूचनाएं चाही गई थी। जिसमें सुजानगढ नगर परिषद क्षेत्र में चल रहे ऑटो टिपर की संख्या, उन पर लगे ड्राइवर व हेल्पर के नाम पता सहित उनके दस्तावेजी साक्ष्य मांगे गए थे। साथ ही तमाम ऑटो टिपर्स को जो भुगतान किया गया है, उनके बिलों की प्रमाणित प्रति भी मांगी गई थी। जिसको लोक सूचना अधिकारी एवं आयुक्त नगर परिषद सुजानगढ द्वारा निर्धारित समयावधि में नहीं देकर सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के कानून का उल्लंघन किया गया। जिसकी प्रथम अपील सभापति नगर परिषद सुजानगढ को की गई। फिर भी सूचनाएं नहीं दिए जाने पर राज्य सूचना आयोग, जयपुर में अपील की गई। जिस पर राज्य सूचना आयोग ने नगरपरिषद आयुक्त को 25 सितम्बर को तलब किया है। लगातार हो रही बारिश के कारण ऑटो टिपर्स द्वारा प्रायः शहर में घर-घर कचरा संग्रहण नहीं किया जा रहा है।

अतिरिक्त महानिदेशक ने चौकी का निरीक्षण किया

चूरू, (कासं)। अतिरिक्त महानिदेशक विपिन पांडे ने मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित धर्मस्तूप पुलिस चौकी का निरीक्षण किया और यहां की व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस चौकी में स्वप्नंजना सोनी की स्मृति में लगाये गए वाटर कूलर का अवलोकन किया और इस सुविधा के लिए दानदाता सोनी परिवार का आभार जताया।

पांडे ने कहा कि पुण्यआत्मा की स्मृति में जल मंदिर बनाना अत्यंत नेक कार्य है। सोनी परिवार का यह कार्य सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि धन कमाना एक सामान्य बात है लेकिन कमाए गए धन को समुचित रूप से उपयोग करना सबसे बड़ी बात है और परोपकार से बेहतर धन का कोई दूसरा उपयोग नहीं हो सकता है। इस दौरान रेंज आईजी सत्येंद्र सिंह, एसपी जय यादव, डीवाईएसपी सुनील झाझडीया, कोतवाल मुकुट बिहारी, चौकी प्रभारी एएसआई सुरेश कुमार भी मौजूद रहे। इस मौके पर अतिरिक्त महानिदेशक पांडे का राजेंद्र सोनी फोटोग्राफर, स्व रंजना देवी के पुत्र राहुल सोनी, पंकज सोनी, रजत सोनी व पुनित सोनी आदि ने स्वागत किया।

- व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर
जिला हनुमानगढ (राज.)
Fax:-01537-250043-Emal:nprawatsar1977@gmail.com
Phone No-01537-250043
क्रमांक-न.पा.रा./भूमि/2024/ दिनांक-

आपति आमत्रंण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जसवीर सिंह पुत्र श्री जुगल सिंह जाति जाट साकिन रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ ने प्रार्थना पत्र मय दस्तावेजो की फोटोप्रति प्रस्तुत कर वार्ड नं. 11 में आवासीय भूखण्ड 342.79 वर्गमीटर का नामान्तरण अपने नाम से दर्ज करवाना चाहता है। मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्री पालसिंह पुत्र श्री नत्था सिंह जाति तरखान के नाम से दिनांक 13.01.2022 को जारीशुद्वा है। उक्त भूखण्ड श्री पालसिंह ने जरिये पंजीकृत बैयानाम दिनांक 04.05.2023 को श्री जसवीर सिंह पुत्र श्री जुगल सिंह को बैचान कर दिया। जिसका प्रार्थी अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाना चाहता है।

अतः उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण जारी करनें में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

(शैलेन्द्र कुमार गोदारा)
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रावतसर

शिविर में 51 जनों ने रक्तदान किया

सुजानगढ, (निसं)। लाडनूं चुंगी नाका के पास स्थित जेठी देवी मेमोरियल हॉस्पिटल में एनएसयुआई के प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड के जन्म दिवस के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 51 जनों ने रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया गया।

इससे पहले एनएसयुआई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड के पहुंचने पर डीजे के साथ उन्हें आयोजन स्थल तक लाया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में सभापति नीलोफर गौरी, उप सभापति अमित मारोठिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप तोदी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामवतार मंगलहारा, देहात कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र बेनीवाल, लाडनूं के कालूराम गैनाणा, क्रय विकय सहकारी समिति अध्यक्ष नरपत गोदारा, गोपालपुरा सरपंच सविता राठी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता इदरीश गौरी, समाजसेवी श्रवण जाखड मंचासीन थे। इस अवसर पर उपस्थितजनों को सम्बोधित करते हुए एनएसयुआई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड ने कहा कि राजनीति में अच्छे लोगों की कमी है, अच्छे लोगों को आगे आना चाहिए तथा नये लोगों को अवसर मिलने चाहिये। इसके पश्चात एनएसयुआई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड ने अपने नाम लिखे हुए 10 केक तलवार से काटे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व पार्षद हितेश जाखड ने किया।

'सदस्यता अभियान के तहत वरिष्ठ नेता बूथ स्तर तक जायेंगे'

चूरू, (कासं)। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के चूरू आवास पर सदस्यता अभियान के कार्यक्रम को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई।

जिसमें प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी, सदस्यता अभियान जिला प्रभारी ताराचंद सारस्वत, विधायक हरलाल सहारण, प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, राष्ट्रीय परिषद् सदस्य ओम सारस्वत व जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया।

- प्रत्येक बूथ से दो सौ सदस्य बनाये जायेंगे

प्रदेश महामंत्री श्रवण बगड़ी ने विस्तार से जानकारी देते हुऐ कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम के साथ प्रदेश में भी इस कार्यक्रम को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया है। प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सदस्य बनने के साथ ही इस कार्यक्रम का शुभारंभ हो चुका है और वरिष्ठ नेता बूथ स्तर तक जाकर लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ेंगे।

उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान का द्वितीय चरण 1 से 15 अक्टूबर के बीच में प्रारंभ होगा। जिसमें सक्रिय सदस्य बनाये जायेंगे। वहीं 11 से 17 सितम्बर तक बूथ स्तर पर सम्पर्क अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि पिछली बार 18 करोड़ सदस्य थे। इस बार यह आंकड़ा और भी अधिक होगा। वहीं राजस्थान में यह आंकड़ा इस बार सवा करोड़ के पार करने का लक्ष्य है।

इस अवसर पर सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी ताराचन्द सारस्वत ने कहा कि सदस्यता अभियान कार्यक्रम पूरे देश में 2 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सदस्य बनने के साथ ही प्रारंभ हो चुका है और जिस प्रकार लोगों में सदस्य बनने को लेकर उत्साह है उससे लगता है कि पार्टी पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ कर इस बार भारी संख्या में सदस्य बनायेगी।

इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि यह सदस्यता अभियान लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाता है। इस अभियान से भाजपा के कार्यकर्ताओं में जिम्मेदारी का अहसास उत्पन्न होता है। जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि जिले में 3 लाख से अधिक सदस्य बनाये जायेंगे। जिसमें प्रत्येक बूथ से 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा, प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, राष्ट्रीय परिषद् सदस्य ओम सारस्वत ने इस सदस्यता अभियान को राष्ट्रीय आवश्यकता बताते हुऐ कहा कि देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को भाजपा ने सदैव मजबूत किया है।

इस अवसर पर सदस्यता अभियान के जिला संयोजक अभिषेक चोटिया, जिला महामंत्री भास्कर शर्मा, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र काछवाल, सत्तार खांन, मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, दीनदयाल सैनी, एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया, जिला सोशल मीडिया संयोजक रमेश शर्मा, सहसंयोजक सुरेश मिश्रा, नोमान खांन, मण्डल महामंत्री राजेश माटोलिया, मीडिया सहसंयोजक नीरज जांगिड़ सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जिला अध्यक्ष बसंत शर्मा, विधायक हरलाल सहारण, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने सदस्यता अभियान को लेकर प्रेस वार्ता को संबोधित किया।

210 यूनिट रक्त संग्रहण किया

सादुलपुर, (निसं)। निकटवर्ती ग्राम सादपुरा में बुधवार को उप स्वास्थ्य केंद्र में स्व. मांगेराम शर्मा, स्व. सीताराम शर्मा व स्व. श्रवण कुमार शर्मा की प्रथम पुण्यतिथि पर श्री एम.एस.एस. मेमोरियल सेवा समिति गांव सादपुरा की तरफ से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विवेकानंद स्वास्थ्य सेवा समिति भादरा के ब्लड बैंक के द्वारा रक्त संग्रहण का कार्य किया गया। आशीष शर्मा बताया कि इस अवसर पर सभी ग्राम वासियों व युवाओं ने इन तीनों पुण्य आत्माओं को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वही श्रद्धांजलि सभा के बाद रक्तदान का कार्य प्रारंभ हुआ। जिसमें श्री एम.एस.एस. मेमोरियल सेवा समिति की अध्यक्ष राजकुमार वर्मा, कोषाध्यक्ष अजीत कुमार शर्मा, सचिव रामचंद्र बिजारणिया, विजय कुमार शर्मा, विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय सचिव मुकेश रामपुरा, विमल शर्मा, सुनील जांगिड, कमल शर्मा, इंद्रजीत शर्मा, आशीष शर्मा, स्वास्थ्य कार्यकर्ता मीनाक्षी पूनिया, ढाणी बडी ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच रमेश पूनिया, रामसरा ताल ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच बृजलाल शर्मा, संतोष, गोविंदशर्मा, प्रकाश चंद्र बिजारणिया, अंकितशर्मा, रणवीर नोखवाल, जयप्रकाश पटवारी आदि ने बढ-चढकर भाग लिया। शिविर के कार्यक्रम का संचालन का कार्य मास्टर कृष्ण कुमार खुडिया ने किया। रक्तदान शिविर में 210 यूनिट रक्त संग्रहण हुआ।

सूचना सर्व साधारण हर आम खास

जो कि मेरे कक्षिकार अरविन्द सिंह पुत्र श्री नरपतसिंह जाति राजपूत निवासी वार्ड नं. 01 रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ राजस्थान ने समस्त तथ्यों से अवगत करवा कर सर्व साधारण को निम्न लिखित सुचना प्रेषित करने की हिदायत दी है :- यह कि मेरे कक्षिकार अरविन्द्र सिंह पुत्र श्री नरपतसिंह जाति राजपूत निवासी वार्ड नं. 01 रावतसर की पत्नी पूनम कंवर पुत्री विजय सिंह जाति राजपूत निवासी सिंरगसर तहसील राजीयासर मेरे कक्षिकार के कहने सुनने में नहीं है, पूनम कंवर आवारा व बदचलन हो गई है। पूर्व में 22.04.2024 को पूनम कंवर अपने बेटे धर्मवीर को लेकर दलीप सिंह पुत्र श्रवण सिंह जाति राजपूत निवासी नुवां श्यामपुरा तहसील मंडावा आदि के संग अपने पीहर सिंरगसर से भाग गई थी। जिसकी एम.पी.आर. 19/2024 पुलिस थाना राजियासर में दिनांक 23.04.2024 को दर्ज करवा दी थी। लेकिन मेरे कक्षिकार ने परिवारजनों के कहने पर पुनः पूनम कंवर को बसा लिया था। अब दिनांक 29.07.2024 को पूनम कंवर अपने बेटे को लेकर पुनः दलीप सिंह पुत्र श्रवण सिंह जाति राजपूत निवासी नुवां श्यामपुरा तहसील मंडावा के संग रावतसर स्थित अपने ससुराल से सोने के गहने व रूपये लेकर फरार हो गई।

अतः सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे कक्षिकार पूनम कंवर को अपनी समस्त चल, अचल सम्पति व अपने जीवन से बेदखल कर दिया है तथा मेरे कक्षिकार उसके परिवार का पूनम कंवर के साथ अब किसी प्रकार का सम्बन्ध नहीं है। अगर कोई व्यक्ति किसी प्रकार का कोई व्यवहार अथवा लेनदेन करेगा या किसी भी प्रकार का कोई करार करता है तो मेरे कक्षिकार का कोई उतरदायित्व नहीं होगा। व्यापार व व्यवहार करने वाला स्वयं उतरदायी होगा। दिनांक :- 02.09.2024

सुचना देहिना
संजय बराडा एडवोकेट, रावतसर जिला हनुमानगढ